दिन– बुधवार दिनांक– 17 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में तांती – तंतवा जाति को अनुसूचित जाति की सूची से बाहर करने का आदेश दिया। आरक्षण के मिले लाभ होंगे वापस।

02. विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या के मामले में एसटीएफ ने चार संदिग्धों को हिरासत में लिया।

03. केन्द्र सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन किया। बिहार से आयोग के विशेष आमंत्रित सदस्यों में केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, राजीव रंजन सिंह और चिराग पासवान किये गये शामिल।

04. और, त्याग तथा बलिदान का पर्व मुहर्रम आज पारंपरिक श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है।

---

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि राज्य सरकारों को अनुसूचित जाति की सूचियों में छेड़–छाड़ का कोई अधिकार नहीं है। न्यायालय ने बिहार सरकार द्वारा एक जुलाई दो हजार पंद्रह को जारी उस संकल्प को निरस्त कर दिया, जिसमें तांती – तंतवा जाति के लोगों को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल किया गया था। इस जाति के लोगों को अब पहले की तरह अत्यंत पिछड़ा वर्ग की मिलने वाली सुविधाएं ही मिलेंगी। साथ ही इस जाति के लोगों को आरक्षण के मिले लाभ वापस लिये जायेंगे। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और प्रशांत कुमार मिश्रा की खंडपीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

---

विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या के मामले में एसटीएफ ने चार संदिग्धों को हिरासत में लिया है। दरभंगा के वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने बताया कि हिरासत में लिये गये लोगों से पूछताछ की जा रही है। इधर, पुलिस मुख्यालय ने लोगों से हत्याकांड से जुड़ी सूचना टोल फ्री नम्बर– **एक चार चार तीन दो** पर देने की अपील की है। सूचना देने वालों

का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा। इस बीच, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुकेश सहनी से टेलीफोन पर बात कर उन्हें सांत्वना दी है।

---

केन्द्र सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन कर दिया है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को आयोग में पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। बिहार से आयोग के विशेष आमंत्रित सदस्यों में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी, पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह और खाद्य प्रसंस्करण उ़द्योग मंत्री चिराग पासवान शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीति आयोग के अध्यक्ष हैं और सुमन बेरी इसके उपाध्यक्ष हैं।

---

विधानमंडल के मानसून सत्र का कार्यक्रम तय हो गया है। पांच दिवसीय सत्र की शुरुआत बाईस जुलाई से होगी। यह सत्र छब्बीस जुलाई तक चलेगा। दोनों सदनों में इस दौरान पांच–पांच बैठकें होंगी। सत्र के दौरान दोनों सदनों में बाईस जुलाई को प्रथम अनुपूरक बजट पेश होगा। तेईस और चौबीस जुलाई को राजकीय विधेयक तथा अन्य राजकीय कार्य होंगे।

---

उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि केंद्र प्रायोजित सहित अन्य योजनाओं के समुचित कार्यान्वयन के लिए केंद्र सरकार से अतिरिक्त राशि की मांग की गई है। पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि बजट पूर्व बैठक में राज्य की विभिन्न मांगों को केन्द्रीय वित्त मंत्री के समक्ष रखा गया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने बाजार से निर्धारित मानक से एक फीसदी अतिरिक्त कर्ज लेने की अनुमति मांगी है। साथ ही राज्य सरकार ने बिजली के क्षेत्र में वन नेशन–वन टैरिफ की मांग भी रखी है। श्री चौधरी ने बताया कि चौसा में थर्मल पावर प्लांट योजना के लिए भी मदद मांगी गई है। इसके अलावा राज्य में नौ नए एयरपोर्ट बनाने तथा लंबित एनएच परियोजनाओं पर कार्रवाई शुरू करने की मांग की गई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र से मुंगेर, मोतिहारी, गोपालगंज, सुपौल, बेगूसराय, महुआ और आरा में मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए अतिरिक्त धनराशि की मांग की गई है।

---

बिहार के सभी रेलवे स्टेशन पर अब प्लेटफार्म टिकट दस रूपये की जगह नौ रूपये में मिलेगा। राज्य सरकार ने प्लेटफॉर्म टिकट पर राज्य के स्तर से लगने वाले जीएसटी को हटा दिया है। प्लेटफॉर्म टिकट के अलावा रेलवे की कई अन्य सेवाओं– डॉरमेट्री, वेटिंग रूम और क्लॉक रूम को भी जीएसटी मुक्त किया गया है। इसके अलावा बैट्री चलित वाहनों से भी जीएसटी हटा दी गयी है। साथ ही हॉस्टल सेवाओं पर बीस हजार रुपये प्रति व्यक्ति, प्रति माह तक की राशि पर जीएसटी की छूट दी गई है। राज्य के वाणिज्य कर विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

---

नगर विकास विभाग ने छठे वित्त आयोग की अनुशंसा के तहत नगर निकायों को सहायक अनुदान की राशि जारी कर दी है। वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस की प्रथम किस्त के रूप में निकायों को एक हजार अट्ठासी करोड़ रुपये भेजे गए हैं।

---

डाक विभाग ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों का आधार कार्ड घर पर ही बनाए जाने की सुविधा शुरू की है। पटना जीपीओ के डिप्टी पोस्ट मास्टर अनिल कुमार ने बताया कि अभी यह सुविधा पटना जीपीओ क्षेत्र में रहने वाले पांच वर्ष से कम आयु के स्कूली बच्चों के लिए शुरू की गयी है। श्री कुमार ने बताया कि इसके लिए पहले चरण में चालीस पोस्ट मैन का चयन किया गया है। इन पोस्ट मैन को आधार कार्ड बनाने के लिए एक मोबाईल और बॉयोमेट्रिक डिवाईस भी प्रदान किया गया है।

---

प्रदेश से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, मुंगेर, भागलपुर और कहलगांव में बढ़ रहा है। वहीं, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती, कोसी और परमान नदी का जलस्तर कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया। हालांकि इन सभी नदियों के जलस्तर में कमी की प्रवृति देखी जा रही है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि पूर्णियां के बायसी अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में महानंदा, कनकई और परमान नदी की बाढ़ से एक बड़ी आबादी प्रभावित हुई है। कनकई नदी के तेज बहाव के कारण ज्ञानडोभ से बैसा प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क

नगरा टोली के पास पंद्रह फीट में कट गयी है। इससे आवागमन बाधित हुआ है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

पूर्णिया के बायसी अनुमंडल के तीनों प्रखंड बायसी, अमौर और बाईसा की 20 से अधिक पंचायत बाढ़ से प्रभावित हैं। यहां महानंदा, कंकाई और परमान नदी ने निचले इलाकों में फिर से तबाही मचाना प्रारंभ कर दिया है। घरों में पानी घुस आने से लोगों का ऊंचे स्थानों पर पलायन हो रहा है। हालांकि जिला प्रशासन की बाढ़ पूर्व तैयारी से लोगों को राहत मिली है। लोगों और पशुओं के आश्रय स्थल का चयन कर वहां टेंट की व्यवस्था और खाने–पीने के प्रबंध किए जा रहे हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में धान की फसल को काफी नुकसान हुआ है। नदी किनारे बसे कई पंचायत में कटाव से भी संकट खड़ा हो गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णिया से होमी चंदन।

अररिया जिले में परमान नदी के उफान से फारबिसगंज प्रखंड के अम्हारा पंचायत में बनी एक पुलिया ध्वस्त हो गयी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस पुलिया के ध्वस्त होने से लगभग डेढ़ दर्जन गांवों की दस हजार से अधिक की आबादी का आवागमन प्रभावित हुआ है। दूसरी तरफ, मधुबनी के मैनाडीह में सोनी नदी पर स्थित चचरी पुल पानी के तेज बहाव में बह गया है।

सहरसा जिले में अधिकतर स्थानों पर बाढ़ का पानी निकल गया है, लेकिन नदी का कटाव जारी रहने से लोगों में भय का माहौल है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

जिले में बाढ़ की स्थिति में तेज़ी से सुधार हो रहा है लेकिन जलस्तर में कमी के बाद अब लोगो को कटाव के संकट का सामना करना पड़ रहा है । महिषी दक्षिणी पंचायत अन्तर्गत कोठिया के वार्ड नम्बर 1 और 2 के समीप कोसी नदी के कटाव से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पिछले दो दिन से कोठिया के समीप कटाव तेज़ हो गया है । ग्रामीणों ने कहा कि समय रहते अगर कटाव रोधी कार्य नहीं किया गया तो शीघ्र ही गांव नदी में विलीन हो जाएगा। इधर,चानन पंचायत के चानन–सिसवा, बलदही सहित अन्य गांव के आसपास उपजाऊ भूमि में कटाव का खतरा मंडराने लगा है। खासकर चानन पंचायत के चानन वार्ड नंबर 9 एवं 10 के समीप कोसी नदी का कटाव शुरू है। कोसी नदी के कटाव से चानन पंचायत के डेंगराही, चानन, सिसवा में कटाव से गांव और टोले प्रभावित हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सहरसा से आरती कुमारी

हमारे सुपौल संवाददाता ने बताया कि बाढ़ की स्थिति में सुधार होने के वाबजूद कोसी तटबंध के छह बिन्दुओं पर दबाव अभी भी बना हुआ है। इधर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर, दरभंगा, सीतामढ़ी और भागलपुर जिले में भी बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है।

---

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता में कमी आई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान स्थानीय कारकों के प्रभाव से राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है।

–––बाईट–––

---

आज यौम–ए–आशूरा यानि मुहर्रम है। यह पर्व पैगंबर मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है। प्रदेश में इस अवसर पर ताजिया और मातमी जुलूस निकाले जा रहे हैं। साथ ही धार्मिक बैठकें और मजलिसें भी आयोजित की जा रही हैं। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों से इस पर्व को पारंपरिक सदभाव के साथ मनाने की अपील की है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि मुहर्रम हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर चलते हुए जीवन के उच्च आदर्शों और मूल्यों की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कर्बला के शहीदों और हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी को नमन करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इधर, मुहर्रम को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है।

---

डाक विभाग की ओर से बिहार डाक सर्किल में ग्रामीण डाक सेवकों के दो हजार पांच सौ अट्‌ठावन पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। दसवीं पास उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया पांच अगस्त तक चलेगी। योग्य उम्मीदवार डाक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के पिता की हत्या से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है – मुकेश सहनी के पिता की हत्या। पैसे के लेन–देन और धमकी का मुद्दा सामने आया।

**दैनिक जागरण** ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है – हत्या मामले में चार संदिग्ध हिरासत में। पुलिस मुख्यालय ने दरभंगा भेजी एसटीएफ।

**दैनिक भास्कर** ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को प्रमुखता देते हुए लिखा है – तांती–ततवां अनुसूचित जाति के बाहर। आरक्षण के मिले लाभ वापस होंगे।

**प्रभात खबर** ने लिखा है – तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा में चाक–चौबंद होगी व्यवस्था। अलग–अलग कलर कोड के प्रश्न पत्रों के सेट परीक्षा से तीन घंटे पहले होंगे तय।

**राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है – पूर्व विधायक गुलाब यादव और आईएएस अधिकारी संजीव हंस के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी।

**आज** समेत सभी समाचार पत्रों ने जम्मू कश्मीर में आंतकियों से मुठभेड़ में सेना के चार जवानों की शहादत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में तांती – तंतवा जाति को अनुसूचित जाति की सूची से बाहर करने का आदेश दिया। आरक्षण के मिले लाभ होंगे वापस।

02. विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या के मामले में एसटीएफ ने चार संदिग्धों को हिरासत में लिया।

03. केन्द्र सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन किया। बिहार से आयोग के विशेष आमंत्रित सदस्यों में केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, राजीव रंजन सिंह और चिराग पासवान किये गये शामिल।

04. और, त्याग तथा बलिदान का पर्व मुहर्रम आज पारंपरिक श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।